तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 07 अक्टूबर 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



10 नवरात्र महोत्सव पर देवी मंदिरों में पहुंचे बसना...



10 आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ी...

# वंदे भारत एक्सप्रेस को 8 कोच के साथ भुवनेश्वर तक चलाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दुर्ग-विशाखापट्टनम वंदे भारत एक्सप्रेस के परिचालन में आने वाले खर्च के बराबर भी बुकिंग नहीं होने के कारण इसे चालू रखने पर बहस छिड़ गई है। सूत्रों की मानें तो आला अफसर भी इसे बंद कराने के पक्ष में आ गए हैं। वहीं, कई अफसर परिचालन को पूरी तरह बंद कराने के बजाए कुछ माह पूर्व घोषित हो चुके रायपुर से भुवनेश्वर तक चलाने की बात कह रहें तो कई इसे 16 बोगी के बजाए सिर्फ 8 बोगी रखने और बाकी बोगी के साथ भुवनेश्वर तक चलाने की सलाह दे रहें।

बता दें कि करीब पांच माह पूर्व रायपुर से भुवनेश्वर तक वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने की तैयारी की गई थी। इस एक्सप्रेस के स्टॉपेज और टाइम टेबल भी जारी कर दिए गए थे।

लेकिन, कुछ तकनीकी खामियों के कारण इसे रद्द कर दुर्ग से विशाखापट्टनम तक वंदे भारत एक्सप्रेस को चलाने की सहमति बन गई और जोरशोर से उद्घाटन के बाद नियमित परिचालन भी शुरू कर दिया गया। लेकिन, पखवाड़े का समय बीतने के बावजूद इसमें सफर करने वाले यात्रियों की तदाद नगण्य ही रहीं। स्थिति है कि महासमुंद, खरियार रोड जैसे स्टेशनों में बुकिंग की रोजाना बोहनी भी नहीं हो पा रहीं। नतीजा, संचालन के लिए जितने रेलवे कर्मचारी इस एक्सप्रेस में तैनात किए जाते हैं, उससे भी कम यात्रियों की संख्या रहती है।

## नुकसान में वंदे भारत एक्सप्रेस, ट्रेन में तैनात रेलवे कर्मचारियों से भी कम यात्री

### एडवांस में बुकिंग

हर मार्ग में चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस की तरह ही दुर्ग-विशाखापट्टनम में भी यात्रियों की संख्या बहुत कम रहने के कई वजह बताएं जा रहें। सबसे बड़ी वजह यात्रा भाड़ा को लेकर है। वंदे भारत एक्सप्रेस में अन्य ट्रेनों की अपेक्षा यात्रा भाड़ा चार से पांच गुना ज्यादा है। वहीं, इसमें सफर करने के लिए कम से कम एक दिन पूर्व बुकिंग कराना अनिवार्य है। जबकि, रोजाना 90 फीसदी सीटें खाली रहने के बावजूद टिकट तत्काल नहीं दी जा रहीं।



### कम किए जा सकते हैं कोच

दुर्ग से विशाखापट्टनम तक चलने वाली वंदे भारत ट्रेन में क्षमता से बहुत कम यात्री मिलने के कारण इसके कोच की संख्या कम की जा सकती है। फिलहाल यह ट्रेन 16 कोच के साथ चल रहीं है ,जिसमें दो एग्जीक्यूटिव क्लास के साथ ही 14 एसी चेयर कार हैं। सूत्रों की मानें तो इसे 8 कोच के साथ चलाया जा सकता है और बाकी के आठ कोच के साथ रायपुर-भुवनेश्वर तक चलाया जाएगा, जिसे विशाखापट्टन एक्सप्रेस से पूर्व प्रस्तावित था।

## मौसम की खबर : अक्टूबर में भी होती रही है बारिश

# जाते-जाते फिर भिगोएगा मानसून? झमाझम बारिश के मिल रहे संकेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ अक्टूबर में वापसी के दौरान औसतन 30 एमएम बारिश

जिले सहित पूरे प्रदेश में मानसून सीजन एक जून से 30 सितंबर तक माना जाता है। लेकिन, हर साल मानसून की पूरी तरह विदाई 15 अक्टूबर के आसपास ही हो पाता है। मानसून की वापसी के दौरान भी जिले में अच्छी बारिश देखने को मिली है। अक्टूबर माह में वापसी के दौरान औसतन 30 एमएम तक बारिश दर्ज हुई है। इसलिए, इस साल भी माना जा रहा है कि जाते-जाते एक बार फिर से मानसूनी बारिश हो सकती है। वैसे भी मौसम विज्ञानियों ने आज से बारिश के संकेत दिए हैं।

इस साल मानसून सीजन 1 जून से 30 सितंबर तक जिले में 969 बारिश हुई है, जो कि औसत से 8 फीसदी कम है। अब जो भी बारिश होगी, मानसून के रिकॉर्ड में दर्ज नहीं होगी। वह पोस्ट मानसून बारिश होगी। बता दें कि वर्ष 2021 को छोड़ दिया जाए तो हर साल जिले में अक्टूबर में भी जमकर बारिश हुई है। इस दौरान औसतन 30 मिमी बारिश दर्ज की गई। वर्ष 2020 में सबसे ज्यादा 57 मिमी औसत बारिश हुई थी। जबकि, इस वर्ष अक्टूबर माह में सिर्फ 0.2 मिमी बारिश औसत हो पाई है। इसलिए, माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में एक बार फिर से अच्छी बारिश हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक 7 अक्टूबर से वर्षा होने की संभावना है।



### फसल के लिए धूप बेहतर

किसानों के अनुसार इन दिनों में बढ़ा तापमान धान की फसलों के लिए लाभकारी माना जाता है। क्योंकि साफ मौसम में धूप से धान की फसल की ग्रोथ को काफी मदद मिलती है और इससे पकाव भी बेहतर होता है। इसी तरह सब्जियों की फसलों को साफ मौसम से लाभ पहुंचेगा। किसानों के अनुसार फसल को ज्यादा पानी की जरूरत नहीं है।

### दिन की लंबाई अब कम होगी

दक्षिण-पूर्वी मानसून का सीजन खत्म हो गया। इसके साथ ही 23 सितंबर से सूर्य भी दक्षिणी गोलार्ध में प्रवेश कर गया है। अब अक्टूबर में हवा की दिशा दक्षिण-पश्चिम से उत्तर पूर्व में बदलेगी। इसके प्रभाव से दिन की लंबाई अब कम होती जाएगी। न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे कमी आएगी। 12 अक्टूबर तक मानसून की पूरी वापसी के बाद हल्की ठंड महसूस होने लगेगी।

### वर्षवार मानसून की वापसी

| वर्ष | वापसी तिथि |
|---|---|
| 2011 | 24 अक्टूबर |
| 2012 | 15 अक्टूबर |
| 2013 | 19 अक्टूबर |
| 2014 | 17 अक्टूबर |
| 2015 | 18 अक्टूबर |
| 2016 | 15 अक्टूबर |
| 2017 | 17 अक्टूबर |
| 2018 | 05 अक्टूबर |
| 2019 | 10 अक्टूबर |
| 2020 | 21 अक्टूबर |
| 2021 | 13 अक्टूबर |
| 2022 | 15 अक्टूबर |
| 2023 | 04 अक्टूबर |

### सुबह से तेज धूप, उमस ने किया बेहाल

अक्टूबर लगने के बाद शहर सहित पूरे जिले का ही मौसम बदल चुका है। सितंबर में जिस तरह बारिश हो रही थी, वह बंद हो चुकी है। अक्टूबर में मार्च-अप्रैल जैसी गर्मी महसूस हो रही है। रविवार को सुबह मौसम सामान्य रहा। 10 बजे के बाद धूप तेज हो गई और यह चुभने लगी। वहीं दोपहर होते तक तापमान बढ़कर 34 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है।

## ट्रांसफार्मर से भरे ट्रक में मिला 25 लाख से ज्यादा का गांजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ट्रक में ट्रांसफार्मर के नीचे गांजा की तस्करी करने के मामले में बागबाहरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने ट्रक से 170.56 किलो गांजा कीमत 25 लाख 58 हजार 400 रुपए को जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट की धारा के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

पुलिस ने बताया कि मुखबिर सूचना से मिलने पर कोमाखान बागबाहरा मुख्य मार्ग किनारे स्थित रामदेव राजस्थानी ढाबा के पास ट्रक वाहन क्रमांक आरजे 52 जीए 6933 की तलाशी की ली गई। तलाशी लेने के दौरान वाहन के पिछले हिस्से में लगे तिरपाल को हटाए जाने पर पुराने ट्रांसफार्मर के साथ 6 अलग-अलग सफेद रंग की बोरियों में छिपाकर रखे गये 170.56 किलो मादक पदार्थ गांजा कीमत 25,58,400 रुपए को बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गिरिराज रेगर पिता भैरू राम रेगर (27 साल) बिहाझर, थाना विराटनगर, जयपुर, राजस्थान का होना बताया। मौके पर आरोपी को गांजा रखने परिवहन करने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का दस्तावेज नहीं होना बताया गया। पुलिस ने गांजा के अलावा ट्रक कीमत करीबन 15,00,000 रुपए, 26 नग पुराना ट्रांसफार्मर कीमत करीबन 9,20,000 रुपए, मोबाइल फोन कीमत करीबन 20,000 रुपए, नगद रकम 3100 रुपए को बरामद किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 20 (बी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## नवरात्रि विशेष



### पंचमी: स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरुप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। ब्रह्माजी ने वरदान तो दे दिया पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। ब्रह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेंगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रुप धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकेय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरुप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्ही स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व बताया गया है। स्कंदमाता की चार भुजाएं है। इनका वर्ण शुभ्र है। स्कंदमाता की आराधना के समय साधक मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित रहता है। स्कंदमाता की पूजा करने वाले भक्तों का मन सांसारिक मोहमाया की आरधना का मंत्र है-

नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभ्रदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी।।

## खबर संक्षेप



### मां शारदा मंदिर में लग रही श्रद्धालुओं की भीड़

**महासमुंद।** मां शारदा मंदिर तुमगांव रोड में नवरात्रि का पावन पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस वर्ष यहां 161 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई है। शारदा मंदिर के आचार्य श्रवण शास्त्री ने बताया कि इस वर्ष शारदा मंदिर में काफी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। साथ में नित प्रतिदिन भजन संध्या का आयोजन हो रहा है। रोज मां का दिव्य श्रृंगार किया जाता है। जिसके दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लग रही है।

### उधार के पैसे मांगने गए व्यक्ति से मारपीट

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली थाना में उधार दिए पैसे को वापस मांगने गए एक शख्स से मारपीट किए जाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज किया गया है। दुर्गेश गुप्ता वार्ड नं. 11 बजरंग चौक नयापारा ने पुलिस को बताया है कि वह मिठाई बनाने का काम करता है। करीबन 3 माह पूर्व आरोपी मनीराम निर्मलकर ने उसके पास से 20 हजार रुपए काम धंधा करने के नाम पर लिए थे। पैसा वापस मांगने पर आज कल दूंगा कहकर आनाकानी करता था। 5 अक्टूबर की शाम करीब 7 बजे मनीराम निर्मलकर ने उसे उधारी का पैसा वापस करूंगा कहकर अपने घर दलदली रोड महासमुंद बुलाया था, जब प्रार्थी उसके घर पहुंचा तो आरोपी नशे की हालत में था और उसने गाली गलौज करते हुए बार-बार पैसा मांग कर परेशान करता है कहकर लकड़े के डंडे से सिर में मारकर चोट पहुंचाया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

## गरबा नाइट्स समिति आज निकालेगी 51 मीटर चुनरी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सोमवार को पंचमी के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग के नेतृत्व में गरबा नाइट्स आयोजन समिति द्वारा नगर की कुल देवी मां महामाया को 51 मीटर की चुनरी चढ़ाई जाएगी। इसके लिए आयोजन समिति की ओर से पूरी तैयारी की जा चुकी है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शाम 4 बजे आयोजन समिति के पदाधिकारी व सदस्य हाईस्कूल गरबा मैदान में एकत्र होंगे। बाद शाम 5 बजे बाजे-गाजे के साथ चुनरी यात्रा शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए मां महामाया मंदिर पहुंचेगी जहां पर श्रीमती महिलांग के साथ आयोजन समिति के सदस्य और यात्रा में शामिल नागरिकगणों द्वारा माता को चुनरी चढ़ाई जाएगी। नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग और आयोजन समिति के सदस्यों ने चुनरी यात्रा में शहर के नागरिकों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का अनुरोध किया है। बता दे कि 51 मीटर की चुनरी यात्रा को इस बार 12 वर्ष पूर्ण हो जाएगा। नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग द्वारा शुरू की गई इस चुनरी यात्रा की परंपरा को श्रीमती महिलांग के नेतृत्व में आयोजन समिति ने भी जारी रखा है।

## चंडी मंदिर में पहुंच रहे भालू, बढ़ा खतरा



**महासमुंद।** इन दिनों क्वांर नवरात्रि पर शक्तिपीठ चंडी मंदिर घुंचापाली में श्रद्धालु की भारी भीड़ देखी जा रही है। साथ ही पहाड़ी में मौजूद जंगली भालुओं के परिवारों का यहां प्रसाद खाने आना भी लोगों के बीच कोतुहल का कारण बना हुआ है। भालुओं को नजदीक से देखने के लिए दूर-दूर से लोग यहां आते हैं। कई लोग भालुओं के बिलकुल नजदीक जाने की कोशिश करते हैं, जो कि उनके खतरनाक हो सकता है।

## ट्रक की टक्कर से एक की मौत, 3 लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नेशनल हाईवे 53 में ग्राम भूकेल के पास बाइक में सवार परिवार को ट्रक ने टक्कर मार दिया। घटना में बेटे की मौत हो गई, वहीं पति-पत्नी और बेटी घायल हो गए। घटना बसना थाना क्षेत्र के ग्राम भूकेल के पास की है। पुलिस ने एक्सीडेंट के इस मामले की विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि 5 अक्टूबर को विपिन बेहरा अपनी पत्नी सविता बेहरा, बेटी नेहा और बेटे आशिक बेहरा के साथ अपनी मोटर सायकल क्र ओडी 17 सी 3706 से ग्राम अंसुला(सांकरा) से पैकिन जा रहे थे।

ग्राम भूकेल के पास पहुंचने पर रायपुर की ओर से आ रहे ट्रक क्र सीजी 04 जेडी 4739 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक चलाकर विपिन बेहरा के मोटर सायकल पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। ट्रक की टक्कर से मोटर सायकल में बैठे विपिन बेहरा एवं उसकी पत्नी सविता बेहरा, बेटी नेहा बेहरा व पुत्र आशिक बेहरा को गंभीर चोट लगने के बाद सीएचसी बसना पहुंचाया गया। अस्पताल में चेक करने के बाद डॉक्टर ने आशिक बेहरा को मृत घोषित कर दिया वहीं, विपिन बेहरा को गंभीर चोट लगने से जिला अस्पताल रेफर किया गया, महिला व बेटी का सीएचसी बसना में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट के बाद आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ धारा 106(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** पिथौरा थाना पुलिस ने बया रोड मंदिर के पास किशनपुर जाने कच्ची रास्ता में अवैध महुआ शराब जप्त किया है। पुलिस ने बताया है कि आरोपी कविलाल बरिहा पिता टेकडू बरिहा (50 साल) निवासी रामपुर के कब्जे से देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब 3 लीटर कीमत 600 रुपए को बरामद कर 34(1)क आबकारी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### बेमचा के स्कूल से 25 हजार के सामान की चोरी

**महासमुंद।** बेमचा के स्कूल से 25 रुपए के सामान की चोरी का मामला सामने आया है। स्कूल के प्राचार्य ने घटना की रिपोर्ट सिटी कोतवाली महासमुंद में दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि शासकीय उच्च माध्यमिक शाला बेमचा में प्राचार्य सोहनलाल पाटकर पिता चिंताराम पाटकर ने घटना को रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सुबह करीब 8 बजे फोन के माध्यम से स्कूल स्टाफ शिक्षक खेमराज साहू के द्वारा पता चला कि हायर सेकंडरी स्कूल बेमचा के अतिरिक्त भवनों का ताला टूटा हुआ है और अतिरिक्त स्कूल भवन में लगे सीलिंग पंखे एवं खेल सामग्री को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है। प्राचार्य ने पुलिस को बताया कि स्कूल जाकर देखने पर पता चला कि 4 अक्टूबर की दरमियानी रात में अज्ञात लोगों द्वारा ताला आदि तोडकर 7 कमरों से पंखे एवं खेल सामान की चोरी कर ली गई है। चोरी हुए सामानों में पंखा 12 नग अनुमानित कीमत 12000 रुपए, हॉकी स्टिक 10 नग अनुमानित कीमत 10000 रुपए गोला फेंक का लोहे का गोला 08 नग अनुमानित कीमत 3200 रुपए कुल 25200 रुपए के सामान शामिल हैं। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## ग्राम टेमरी में विभिन्न योजनाओं के कार्यों का किया निरीक्षण

# संभागायुक्त ने बागबाहरा सीएचसी का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संभागायुक्त रायपुर महादेव कावरे रविवार को बागबाहरा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाग़बाहरा में स्वास्थ्य व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंनें भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनका हालचाल पूछा और उनके इलाज की सुविधा, भोजन एवं नाश्ता आदि के संबंध में जानकारी ली।

कावरे ने उपस्थित चिकित्सकों को कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। जरूरी दवाइयां पर्याप्त मात्रा में हो, इसका शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों को पौष्टिक भोजन एवं शुद्ध पेयजल मिले यह सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पी कुदेशिया, एसडीएम बाग़बाहरा उमेश साहू सहित अन्य विकासखंड स्तरीय अधिकारी साथ थे। संभागायुक्त ने इस दौरान ग्राम पंचायत टेमरी का भी दौरा किया और विभिन्न सरकारी योजनाओं के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय, अमृत सरोवर तालाब, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस), और आंगनवाड़ी केंद्र का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामवासियों से इन योजनाओं के क्रियान्वयन और उनके लाभ के बारे में जानकारी ली। ऑगनबाड़ी केंद्र पर कावरे ने कार्यकर्ता और सहायिकाओं से बच्चों और गर्भवती महिलाओं के भोजन की व्यवस्था की जानकारी ली।



उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, वितरण प्रक्रिया और पोषण संबंधी आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही उन्होंने सामुदायिक शौचालय की सफाई और रखरखाव की भी जांच की। अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत निर्मित तालाब का निरीक्षण करते हुए उन्होंने जल संरक्षण और ग्रामीणों के लिए इसके महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित किए जा रहे अनाज की गुणवत्ता और वितरण प्रक्रिया की भी जानकारी ली। कावरे ने अधिकारियों को इन सभी योजनाओं के प्रभावी और समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ताकि, गांव के सभी नागरिक इनसे लाभान्वित हो सकें।

पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### दुर्गा पंडालों में नवरात्रि पर्व की रौनक

**बिरकोनी।** क्षेत्र में विराजित विभिन्न दुर्गा पंडालों में नवरात्रि की रौनक है। वहीं बिरकोनी में शारदीय नवरात्र महोत्सव की उत्सव में श्रद्धालु घरों से लेकर मंदिरों में आराधना कर रहे हैं। बाजार चौक दुर्गा मंदिर में विराजित मां के दरबार में माता की दर्शन की जा रही है। नवरात्रि में धार्मिक आयोजन की झलक के लिए दूर-दूर के कलाकारों में भी उत्सव का माहौल है।

### लैलूंगा नगर पंचायत सीईओ निलंबित

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन विभाग ने लैलूंगा नगर पंचायत की सीईओ ममता चौधरी को निलंबित कर दिया है। उन पर यह कार्रवाई 2016-17 में डस्टबिन खरीदी में की गई अनियमितता के पुराने मामले में की गई है। मामले की जांच में उन पर लगा आरोप प्रमाणित पाया गया। उनसे 6 लाख 15 हजार 751 रुपए की आर्थिक क्षति की वसूली का निर्णय भी लिया गया है। उनकी दो वेतन वृद्धि भी रोकने का आदेश दिया गया था। इस आदेश की अवहेलना करते हुए मार्च 2024 से जुलाई 2024 तक पूरा वेतन आहरण किया गया।

### इंडिगो का सर्वर डाउन एयरपोर्ट पर मामूली असर, मैनुअली हुआ काम

**रायपुर।** इंडिगो एयरलाइंस का सर्वर डाउन होने की वजह से शनिवार को देशभर में हवाई यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। चेक इन की प्रक्रिया मैनुअली होने की वजह से विमानतल पर यात्रियों की भीड़ लगी। दोपहर साढ़े 12 बजे शुरू हुई परेशानी शाम साढ़े छह बजे के बाद सुधरी। सर्वर की परेशानी का असर उड़ान पर भी नजर आया। सिस्टम में आई खराबी का बड़ा असर रायपुर विमानतल पर इसलिए नहीं हुआ, क्योंकि दोपहर में यहां विमानों की आवाजाही कम होती है।

# नवरात्र महोत्सव पर देवी मंदिरों में पहुंचे बसना विधायक, क्षेत्र की खुशहाली के लिए की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना




देश, प्रदेश व बसना विधानसभा क्षेत्र में सुख शांति के लिए विधायक डॉ.संपत अग्रवाल ने शारदीय नवरात्र के तृतीय दिवस शनिवार को नगर स्थित मां दुर्गा के अनेक मंदिरों में पूजा अर्चना किये। सर्वप्रथम उन्होंने श्रीराम जानकी मंदिर, समलेश्वरी माता मंदिर एवं बस स्टैंड दुर्गा पंडाल में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की और माथा टेका तथा शिव मंदिर में महादेव जी को जल अर्पित कर आशीर्वाद लिए। पूजा प्रबंध समिति की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया। उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पुजारी किशोर महाराज, जयनारायण अग्रवाल, नगर पंचायत बसना उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, सुजीत महाराज,जनपद सदस्य ताराचंद साहू, अभय धृतलहरे,अमृत चौधरी, शशिकांत बारीक सहित मंदिर समिति सदस्यगण मौजूद रहे।

बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज रायपुर छत्तीसगढ़ की की ओर से गढफुलझर स्थित श्री श्री श्री रणेश्वर रामचण्डी मंदिर में रामचंडी दिवस समारोह का आयोजन आगामी 16 अक्टूबर को आयोजित किया जा रहा। उक्त समारोह के संबंध में श्री श्री श्री रणेश्वर रामचंडी मंदिर परिसर गढफुलझर में आयोजित बैठक में स्थानीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल शामिल हुए। सर्वप्रथम उन्होंने रामचंडी माता की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना करते शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात उन्होंने बैठक में शामिल होकर लोगों का मार्गदर्शन किए। ज्ञात हो कि प्रतिवर्ष रामचंडी दिवस समारोह में छत्तीसगढ़ के सम्माननीय मुख्यमंत्री को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किए जाते हैं और वे इस समारोह में शामिल भी होते हैं। इस वर्ष भी रामचंडी दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने बसना विधायक एवं कोलता समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री निवास पहुंच कर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को आमंत्रित किया गया है। ऐसे में जब छत्तीसगढ़ के मुखिया का इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आगमन हो रहा है तो इसके लिए एक बेहतर वातावरण एवं तैयारी की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार किया गया। इस दौरान प्रमुख रुप में कोलता समाज प्रदेशाध्यक्ष गिरधारी साहू, संरक्षक हरिचरण प्रधान, सभापति रसिक प्रधान, महामंत्री मथामणी बढाई, नवीन प्रधान, भाजपा नेता सुवर्धन प्रधान, नगर पंचायत बसना उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, भाजपा सांकरा मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, गढफुलझर मंडल अध्यक्ष माधव साव, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष संजय भोई, हरजिंदर सिंह, मुकेश प्रधान सहित कोलता समाज के पदाधिकारी व समाजजन मौजूद रहे।

बसना विधानसभा क्षेत्र में सुख शांति के लिए विधायक डॉ.संपत अग्रवाल ने शारदीय नवरात्र के चतुर्थ दिवस रविवार को नगर स्थित माता दरबार में पूजा-अर्चना की और माथा टेका तथा आदियोगी शिव मंदिर में महादेव का पूजन कर आशीर्वाद लिया। पूजा प्रबंध समिति की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया। उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, महामंत्री अभिमन्यु जायसवाल, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि विकास वाधवा, निर्मलदास सहित मंदिर समिति सदस्यगण मौजूद रहे।

# पालिका के उदासीन रवैए से शहर में गंदगी का आलम : देवेंद्र

**महासमुंद।** भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक देवेंद्र चंद्राकर ने कहा कि एक तरफ पूरे देश में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत गाँव के गली मुहल्ले से लेकर शहर के वार्डों को स्वच्छ रखने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं, दूसरी ओर इस देश व्यापी महाभियान का महासमुंद नगर पालिका क्षेत्र में माखौल उड़ाया जा रहा है। पालिका प्रशासन की उदासीन रवैए से आज शहर के हर गली, वार्ड में गंदगी का आलम है। कचरा कलेक्शन करने कचरा वाहन नियमित डोर-टू-डोर नहीं पहुंच रही है। पालिका प्रशासन की इस लापरवाही से प्रदेश सरकार का छबि धूमिल हो रहा है। चंद्राकर ने कहा कि शहर में स्वच्छता अभियान के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। केवल चेहरा दिखाने के लिए काम हो रहा है। नगर पालिका के विभिन्न वार्डों में गंदगी पसरी हुई है। स्वच्छता को लेकर पालिका क्षेत्र में प्रतिमाह लाखों की राशि खर्च हो रही है। लेकिन, सफाई धरातल पर नहीं दिख रही है। शहर के विभिन्न वार्डों में चहुंओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। विगत 17 सितंबर से क्षेत्र में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया था। जिला प्रशासन के अअधिकारी भी इस मुहिम में शामिल हुए थे। लेकिन, नियमित कचरा वाहन तथा सफाई कर्मी वार्डों में नहीं पहुंचने से सरकार की इस महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान शहर में निरर्थक साबित हो रहा है। वार्डों के कचरे चौक-चौराहे में फेंके जा रहे हैं। नालियों की सफाई नहीं होने से गंदगी व बदबू से नगरवासी परेशान हैं। मच्छर भी पनप रहे हैं, जिससे डेंगू, मलेरिया जैसे बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। चंद्राकर ने पालिका प्रशासन से इस दिशा में संज्ञान लेकर शीघ्र सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।



# पालक-शिक्षक मेगा बैठक में जन सहयोग से शाला भवन की पोताई करने का लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला पठीयापाली में विगत दिनों पालक शिक्षक बैठक संपन्न हुई। सर्वप्रथम सरस्वती माता के तैल चित्र पर प्रधान पाठक सरिता प्रधान और एसएमसी अध्यक्ष महेशराम जगत और उपस्थित सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित कर बैठक की शुरुआत की गई। तत्पश्चात शिक्षिका कंचन कुमर्रा द्वारा सभी सदस्यों और पालकों का स्वागत किया गया।बैठक में शाला भवन और बाउंड्रीवॉल पोताई के संबंध में जन सहयोग से पोताई करने का निर्णय लिया गया। सभी पलकों ने अपनी इच्छा से सहयोग करने की सहमति दी। इसके अतिरिक्त नेवता भोजन, नवोदय कोचिंग क्लास, जाति प्रमाण पत्र बनवाने, शिक्षा स्तर में सुधार हेतु पालकों द्वारा प्रयास करने आदि विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में एसएमसी अध्यक्ष महेशराम जगत, उपाध्यक्ष ललिता नाग, उग्रसेन साहू, राजू नंद, रघुलाल जगत, अनिल नाग, पुष्पा जगत, राजू नायक, बिसीकेशन साहू, प्रदीप नेताम,



घनश्याम साहू, फगुलाल दास, प्रमोद साहू, बनिता भोई, ममता साहू, एकता प्रधान, सुनीता साहू, दीपांजलि भोई, शिक्षिका कंचन कुमर्रा उपस्थित थे। प्रधान पाठक सरिता प्रधान ने आभार प्रकट किया गया।

# आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ी हुए शामिल

## भंवरपुर में आत्मरक्षा प्रशिक्षण, नशामुक्ति, जागरुकता रैली 5 से शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के भंवरपुर ग्राम में 5 से 9 अक्टूबर तक सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राज्य स्तरीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में महासमुंद, गरियाबंद, बलौदा बाजार, जांजगीर, रायगढ़, बिलाईगढ़, सारंगढ़ समेत अन्य जिलों के युवक एवं युवतियां शमिल रहे। खेल अधिकारी मनोज कुमार धृतलहरे ने बताया कि बसना और सरायपाली क्षेत्रों को नशामुक्त करने के उद्देश्य से इस तरह के आयोजन किए जा रहे हैं। 07 अक्टूबर को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह शिविर



में आकर युवाओं और क्षेत्रवासियों को संबोधित करेंगे और मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। प्रशिक्षण शिविर में आत्मरक्षा के प्रमुख प्रशिक्षकों में रघुनाथ नेताम, छेदीलाल साहू, देजेंद्र कुर्रे, संजय पंडा, उपेंद्र प्रधान, धनुर्जय चौधरी, अखिलेश आदित्य, रवि पांडेय, मीरा पंडा, बालाराम रावत, भगवती बांधे, जगन्नाथ साहू, रवीना साहू, अश्वनी कुमार, राजेश चक्रधारी, दलेश राणा, राजेश साहू, दीपक निषाद, और धनीराम निराला शामिल हैं। कूड़ो संघ महासमुंद की अध्यक्ष, मीरा पंडा ने बताया कि सचिव उपेंद्र प्रधान के नेतृत्व में आत्मरक्षा प्रशिक्षण के साथ-साथ विभिन्न खेलकूद आयोजन किया गया।

# भाजपा सरकार की योजना के हितग्राहियों तक पहुंचे कार्यकर्ता : प्रदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

6 अक्टूबर को भाजपा का विशेष सदस्यता अभियान, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर की उपस्थिति में स्थानीय कार्यकर्ताओं द्वारा, महासमुंद विधानसभा के तुमगांव सिरपुर मंडल में बिरकोनी शक्तिकेंद्र के ग्राम बड़गांव सहित आसपास के गांवो में चलाया गया। 6 अक्टूबर को हुई सदस्यता अभियान के बारे में जानकारी देते हुए जिला महामंत्री प्रदीप ने बताया कि प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार 6 अक्टूबर भाजपा का सदस्यता अभियान छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता, पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी बजयपेयी के छाया चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात सभी मंडलों के शक्तिकेंद्र के बूथों में प्रारंभ किया गया। जिसमें नागरिको को मोबाइल से ऑनलाइन और ऑफलाइन से भाजपा की सदस्यता से जोड़ा गया।

प्रदीप ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम बिरकोनी के बड़गांव बूथ में ख़लिावत निषाद, रजऊ निषाद, रामप्यारी निषाद, सुखचंद साहू को भाजपा की



सदस्यता दिलाकर सदस्यता अभियान प्रारंभ किया गया। जिला महामंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में चौक चौराहों , बाजार , मोहल्ला जैसे क्षेत्र में केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की योजनाओ की चर्चा करने पर ग्रामीणजनों में स्वस्फूर्त होकर भाजपा की सदस्यता से जुड़ने में उत्साह का वातावरण दिखाई दिया। प्रदीप चंद्राकर ने सदस्यता अभियान में अपना योगदान दे रहे भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य के मुखिया विष्णुदेव साय की सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से घर-घर जाकर आवश्यक रूप से संपर्क करें। आगामी 15 अक्टूबर तक हम सभी को शीर्ष संगठन के द्वारा निर्धारित सदस्यता अभियान के लक्ष्य को पूरा करना है। 6 अक्टूबर को हुई सदस्यता अभियान के अवसर पर प्रमुख रूप से भाजयुमो मंडल अध्यक्ष डिगेश साहू, अजजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रिखीराम ध्रुव, बूथ अध्यक्ष हेमलाल यादव, मंडल उपाध्यक्ष ललित निषाद, शाला विकास समिति अध्यक्ष लोकनाथ चक्रधारी, उत्तम निषाद, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष उमलेश निषाद सहित बड़ी संख्या में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता और नागरिकगण उपस्थित थे।




**सरायपाली।** भाजपा युवा मोर्चा के तत्वावधान में सिंघोड़ा स्थित माता रुद्रेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना एवं भाजपा ध्वज दिखाकर सदस्यता रथ को रवाना किया गया।

# नशामुक्ति पर हुई चित्रकला प्रतियोगिता

**महासमुंद।** शांत्रीबाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में मद्यपान निषेध दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा अनेक गतिविधियों के माध्यम से समाज को नशे से दूर रखने के तरीके और नशे से समाज को होने वाले नुकशान के बारे में बताया। चित्रकला प्रतियोगिता में महाविद्यालय के सभी संकायों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिए। जिसमें स्नातक स्तर पर प्रथम स्थान दीपेश कुमार, द्वितीय स्थान छाया निर्मलकर, तृतीय लुकेश्वरी दीवान, चतुर्थ तुषार पटेल बीएड विभाग से प्रथम चारुलता, द्वितीय गार्गी, तृतीय करुणा, चतुर्थ चांदनी ने प्राप्त किया। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व उपहार भेज किया गया। प्राचार्य ने कहा कि नशापान से आर्थिक समाजिक परेशानी होती है। इस लत को हमें ठीक करना है नहीं तो हम डिप्रेशन, तनाव, सुसाइड में जा सकते है। इसका इलाज मनोवैज्ञानिक जांच, मनोसामाजिक परामर्श, कुछ मेडिसिन की भी आवश्यकता होती है। स्वास्थ्य विभाग से आए मुख्य अतिथि मेघारानी ताम्रकर ने कहा कि नशा मुक्त के लिए संकल्प दिलाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम प्रभारी गायत्री चंद्राकर ने नशा से दूर रहने प्रेरित किया। यूथ रेडक्रास सोसायटी कार्यक्रम प्रभारी लुकेश साहू ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम में मेनका चंद्राकर, नारायण चक्रधारी, आकांक्षा सिंह, देवेंद्र चंद्राकर, किशोर कठार, दिव्या चंद्राकर, लुकेश साहू, गायत्री चंद्राकर, हीना चंद्राकर, शत्रुघन पटेल, गीतांजलि देवांगन, सोनाली यादव, यमन सिन्हा, गुलाब चंद्राकर, देवानंद चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चंद्राकर, मानिक लाल तारक, प्रमिला चंद्राकर, मानिक पटेल आदि मौजूद रहे। उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी हीना चंद्राकर एवं घनश्याम साहू ने दी है।



## मां शारदा मंदिर में नवरात्र महोत्सव की धूम, गरबा उत्सव का हुआ शुभारंभ...



**महासमुंद।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी साहू समाज के तत्वावधान में मां शारदा गरबा समिति द्वारा नवरात्र पर्व पर साहू समाज भवन में गरबा का आयोजन किया गया है। इसमें साहू समाज की महिला मंडली के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा गरबा उत्सव का शुभारंभ किया गया। इसमें समाज की महिलाओं व बच्चों ने बढ चढ़कर हिस्सा लिया।

# स्काउट-गाइड संघ ने मनाई गांधी एवं शास्त्री की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला एवं विकासखंड संघ के संयुक्त तत्वावधान में नगर स्तरीय गांधी एवं शास्त्री जयंती आशीबाई गोलछा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में मनाई गई। जिला मुख्य आयुक्त चंद्रहास चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य एवं जिला अध्यक्ष येतराम साहू की अध्यक्षता, विशिष्ट अतिथि दाउलाल चंद्राकर पूर्व जिलाध्यक्ष, एस चंद्रसेन, जय पवार, आनंद साहू, उपाध्यक्षगण, कौशलेंद्र वैष्णव अध्यक्ष स्थानीय संघ, देवीचंद राठी, नितीश वास्तव, उपाध्यक्ष स्थानीय संघ जिला कमिश्नर गाइड अमी रूफस एवं डा. मंजू शर्मा, महेंद्र जैन, पूर्व जिला उपाध्यक्ष गण, मनीष बंसल, सुजाता विश्वनाथन, लोमश दीवान जिला सदस्य, अंजलि बरमाल जिला क्रीड़ा अधिकारी, लीलाधर सिन्हा विकासखंड शिक्षा अधिकारी, हीना ढालेन एबीईओ महासमुंद मौजूद रहे।

अतिथियों का स्काउट परंपरानुसार स्कार्फ से स्वागत पश्चात गांधी एवं शास्त्री के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सर्व धर्म प्रार्थना में प्रातः स्मरण, सरस्वती वंदना, गुरु महिमा, रधुपति राघव राजा राम, जय बोलो सत धर्मों की व्यक्तिगत प्रार्थना में सभी धर्मों का प्रार्थना, मौन प्रार्थना, वी शैल ओवर कम, हर देश में तू हर वेश में तू, अंत में शांति पाठ से प्रार्थना की समाप्ति की गई। कार्यक्रम में नगर के स्थानीय शाला सेजेस अंग्रेजी हिंदी माध्यम नयापारा, सेजेस हिंदी महासमुंद, आशीबाई कन्या उमाशा, डीएमएस उमाशा, श्रीराम शाला, स्टेशनपारा, वृंदावन विद्यालय, गुड शेफर्ड, क्यूरो स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर, देव संस्कृति उमावि, शिशु संस्कार उमाशा, न्यू होली फेथ से 200 स्काउट्स एवं गाइड्स उपस्थित थे। प्रार्थना के मध्य में रामकुमार साहू जिला सचिव द्वारा मेंरे मालिक की दुकान में एवं सुरेंद्र मानिकपुरी द्वारा तू ही राम है तू रहीम है का सामूहिक गायन कराया गया। प्रार्थना पश्चात पुनः सभा आयोजित कर उद्बोधन किया गया। जिसमें येतराम साहू जिलाध्यक्ष, चंद्रहास चंद्राकर जिला मुख्य आयुक्त, एस चंद्रसेन, जिला उपाध्यक्ष ने गांधी एवं शास्त्री के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा समर्पण, त्याग, सर्व धर्म समभाव की भावनाओं को जीवन में आत्मसात करने की बात कही गई।

कार्यक्रम में प्राचार्य जीआर सिन्हा, जिला सचिव रामकुमार साहू, सुरेंद्र मानिकपुरी, मधु शर्मा, रघुनाथ सिन्हा, सुशील शर्मा, रोशन आरा रिजवी, कमल लूनिया पूर्व डीओसी तुलेंद्र सागर जिला सह सचिव, चंद्रकांता ठाकुर संयुक्त सचिव, प्रमोद कुमार कन्नौजे जिला मीडिया प्रभारी, लीनू चंद्राकर डीओसी.गाइड, अवधेश विश्वकर्मा डीओसी स्काउट, लता वैष्णव सचिव स्थानीय संघ, हिरेंद्र साहू सह सचिव, तामेश्वरी साहू, अर्चना तिवारी, मुरलीधर पटेल, रूपा पांडेय, अजय तांडी, सविता चंद्राकर, चंद्रप्रकाश चंद्राकर, भामा प्रधान, दामिनी वैष्णव, गायत्री सेन, यशवंत घृतलहरे, भोजराम बघेल सहित प्रभारी शिक्षक एवं स्काउटर गाइडर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सहसचिव तुलेंद्र सागर एवं आभार प्रदर्शन बीईओ लीलाधर सिन्हा ने किया।

# नवाडीह, भालुचुवा में बिजली समस्या का हुआ समाधान : अंकित

**महासमुंद।** खल्लारी विधानसभा के कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि ग्राम नवाडीह भालुचूवा ग्राम के किसानों व ग्रामवासियों ने बताया कि विगत 5 दिनों से 64 केवीए का ट्रांसफार्मर जल गया है, जिसके कारण फसल को लेकर दिक्कत हो रही है। साथ की त्योहार के समय व बच्चों की परीक्षा का समय होने से भी बहुत समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसके बारे में लाईनमैन को कई बार अवगत कराने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। इस पर तत्काल अंकित बागबाहरा ने ग्रामवासियों को कोमाखान बिजली कार्यालय में एकत्रित होने कहा। इसके बाद किसानों ने अंकित बागबाहरा के नेतृत्व में वहां जेई अगस्त कुमार ध्रुव को समस्या से अवगत करवाया व ज्ञापन दिया। जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए उसी दिन शाम तक ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिस पर ग्रामवासियों ने अंकित बागबाहरा को साधुवाद दिया। इस दौरान तूफान दीवान, वाजिद खान, तिलक सिंह, नारायण ठाकुर, मिलाप सिंह, भागवस्त ठाकुर, निलसिंह, द्वारका, डोमन, कोदुराम, धनसिंह, लोकनाथ, मिलान, चैनसिंह, राजू आदि मौजूद रहे।



**खबर संक्षेप**



### पतईमाता मंदिर में आज निकलेगी चुनरी यात्रा

**पटेवा।** क्षेत्र में शारदीय नवरात्र महोत्सव पर श्रद्धालुओं द्वारा ज्योति कलश की स्थापना की गई है। दुर्गा पंडालों में विराजित माता के दर्शन के लिए प्रतिदिन लोगों का तांता लगा हुआ है। पतईमाता पहाड़ी में मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा 556 ज्योति कलश, छछान मंदिर नवागांव में 130, मुंगई माता में भी ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की गई है। पतई माता मंदिर समिति के लक्ष्मण पटेल, सुरेंद्र सिंह, हरीश देवांगन, सीताराम ध्रुव, जानु राम ध्रुव, खोम सिन्हा, किशुन, आशीष, तुकेश्वर, दल्लू राम रामकुमार ने बताया कि 7 अक्टूबर जोगीडीपा से पतईमाता मंदिर तक 351 मीटर चुनरी यात्रा निकाली जाएगी, जिसकी तैयारी की जा रही है।

### 12 को मनाया जाएगा दशहरा उत्सव

**महासमुंद।** दशहरा उत्सव 12 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इसी तरह अष्टमी का पर्व 11 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस दिन सुबह 8 बजे से नगर की कुल देवी मां महामाया में हवन किया जाएगा। दशहरा उत्सव को लेकर नगर पुरोहित पं. पंकज तिवारी ने बताया कि श्रवण नक्षत्र युक्त दशमी तिथि में विजय दशमी का पर्व मनाया जाता है। यह योग 12 अक्टूबर को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि 12 अक्टूबर को श्रवण नक्षत्र सुबह 5.24 से रात्रि 4.27 तक है। इसी तरह दशमी तिथि 10.58 से शुरू हो रहा है। दोनों संयोग के कारण दशहरा पर्व 12 अक्टूबर को मनाया जाना चाहिए।



### स्कूल में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** 5 अक्टूबर को हनीड्यू स्कूल में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य स्कूल के परिसर को स्वच्छ और हरित बनाना था। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत छात्रों ने स्कूल के परिसर में सफाई अभियान चलाया। शिक्षकों और छात्रों ने मिलकर स्कूल के सड़क, खेल मैदान, गार्डन की सफाई की और छात्रों ने स्वच्छता के महत्व पर पोस्टर बनाए। इस अभियान से स्कूल का परिसर स्वच्छ और हरित हुआ। छात्रों और आसपास के लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी। स्कूल के आसपास के क्षेत्र में भी स्वच्छता का स्तर बढ़ा। अभियान ने स्कूल के छात्रों और शिक्षकों के बीच एकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा दिया। स्कूल के डायरेक्टर शाश्वत चोपड़ा ने स्वच्छता के महत्व को समझने और अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाने के लिए प्रेरित किया।

# प्रदेश में साढ़े 8 लाख पीएम आवास की स्वीकृति मोदी की गारंटी पर एक और मुहर : देवेंद्र

## भाजपा के 9 माह के कार्यकाल में प्रदेश ने गढ़े विकास के नए आयाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक देवेंद्र चंद्राकर ने प्रदेश में साढ़े 8 लाख पीएम आवास की स्वीकृति होने तथा मुख्यमंत्री द्वारा साढ़े 5 लाख हितग्राहियों के खाते में आवास के लिए प्रथम किस्त जारी करने पर पीएम मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया है।

चंद्राकर ने कहा कि हर गरीब के सर पर छत हो, किसानों की तरक्की हो, महिलाओं को आर्थिक संबल मिले ये सारे काम तो प्रत्यक्ष दिख रहे हैं। इससे परे भी विष्णु सरकार के कड़े फैसलों ने छत्तीसगढ़ के विकास को नयी दिशा दी है। भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस, युवाओं के हित की चिंता, हवाई सेवा का विस्तार, गरीबों को मुफ्त अनाज, मीसाबंदियों का सम्मान, नवा रायपुर में आईटी हब के लिए एमओयू, स्कूलों का उन्नयन, सड़कों का जाल, ये तमाम कदम विष्णु के सुशासन का प्रतीक है। भाजपा के 9 माह के कार्यकाल में आज चहुंओर विकास के नए आयाम प्रदेश ने गढ़े हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री साय ने राज्य की बागडोर संभालते ही छत्तीसगढ़ की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दी गई गारंटी पर काम करना शुरू किया और मात्र 9 माह में ही अधिकांश गारंटियों को पूरा कर दिखाया। इतने कम समय में जनता को दी गई गारंटी को पूरा करने के लिए यह उनकी प्रशासनिक कुशलता और सफल नेतृत्व का द्योतक है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में 8 माह की अल्पावधि में कई जन हितकारी फैसलों को समाज के हर वर्ग की तरक्की और खुशहाली के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास ध्येय वाक्य को लेकर जनता की दिन-रात सेवा कर रही है। चंद्राकर ने कहा कि अत्योदय एवं प्राथमिकता राशन कार्डधारी 68 लाख परिवारों को अगले 5 सालों तक निःशुल्क खाद्यान्न वितरण का निर्णय प्रदेश सरकार द्वारा लिया गया है।



प्रदेश के किसान, युवा, महिलाएं आज खुशहाल व संपन्न हुए हैं। प्रदेश में कृषि हितैषी नीतियों की वजह से खेती-किसानी में रौनक लौट आई है और किसानों के चेहरों पर मुस्कान नजर आ रही है। भाजपा जो कहती है वह करती है, और इसका प्रमाण यह है कि सरकार बनते ही पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी के जन्म दिवस सुशासन दिवस 25 दिसंबर को राज्य के लगभग 13 लाख किसानों के बैंक खाते में 2 साल के धान का बकाया बोनस 3 हजार 716 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई थी।

# सेवा, समर्पण, स्वच्छता और पूर्ण सदस्यता की संकल्प के साथ बीता सेवा पखवाड़ाः प्रदीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पीएम मोदी के जन्मदिन से शुरु हुई सेवा पखवाड़ा 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम के जिला संयोजक व जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने भाजपा जिलाध्यक्ष, सांसद रुपकुमारी चौधरी के मार्गदर्शन में भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा 15 दिवसीय सेवा पखवाड़ा की अवधि में किए गए कार्य जनसेवा, समर्पण और पर्यावरण सुरक्षा के साथ जनकल्याण के लिए महती भूमिका निभाएगा। प्रदीप ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के सभी 18 मंडलों के सभी शक्ति केंद्रों, बूथों में 17 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस के दिन मंदिर, स्कूल और सामूहिक उपयोगी स्थलों पर साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान से शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर वृक्षारोपण के देशव्यापी अभियान एक पेड़ मां के नाम से भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिले भर में पर्यावरण सुरक्षा और संतुलन के लिए पौधरोपण किया। 17 सितंबर को ही प्रधानमंत्री मोदी के जीवनकाल से उल्लेखनीय उपलब्धियों पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। जिला महामंत्री प्रदीप ने मोदी के जन्मदिन पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा जरुरतमंदों के लिए किए गए रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मानव सेवा की मिसाल कायम रखा है। भाजपा संगठन के महापर्व सदस्यता अभियान के साथ ही 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर बूथों में उपाध्याय को पुष्पांजली अर्पित करने के सदस्यता अभियान को महाभियान का स्वरूप दिया गया, जो सदस्यता के लक्ष्य पूर्ति के संकल्प के साथ अभी निरंतर जारी है। प्रदीप चंद्राकर ने संपूर्ण कार्यक्रमों में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के सहसंयोजक सराईपाली नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र त्रिपाठी और युवा मोर्चा पदाधिकारी हेमंत तिवारी के संयोजन में सम्पन्न हुए सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को सफल बनाने में भाजपा और मोर्चा प्रकोष्ठ के प्रदेश, जिला, मण्डल के वरिष्ठ पदाधिकारियों, सभी प्रमुख कार्यकर्ताओं, शक्ति केंद्र, बूथ समिति के सभी प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक सहित जनप्रतिनिधियों की सक्रिय और उल्लेखनीय योगदान रहा है। जिला महामंत्री प्रदीप ने भाजपा के सभी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं का सेवा पखवाड़ा के सफल आयोजन के लिए आभार जताया।



# बीटीआई रोड में गरबा नृत्य का निखिलकांत ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नवरात्रि में स्थानीय बीटीआई रोड स्थित पुराना मलेरिया आफिस के पास दुर्गा पंडाल में जय मां दुर्गा महिला समिति द्वारा आयोजित गरबा नृत्य का आगाज हुआ। शक्ति की साधना और उपासना का पर्व का शुभारंभ गरबा प्रांगण स्थित मां अंबे की आरती-पूजन कर मुख्य अतिथि युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व नपा सभापति निखिलकांत साहू द्वारा किया गया।

इस अवसर पर गोविंद साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, राजेंद्र साहू भी उपस्थित हुए। उन्होंने गरबा नृत्य के लिए बनाए गए आकर्षक पंडाल में गरबा नृत्य के लिए उपस्थित माताएं, बहनें, युवा, बच्चे सभी का हौसला बढ़ाया।



अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि निखिलकांत साहू ने दुर्गा महिला समूह की सराहना करते हुए कहा कि गरबा नृत्य से सभी आयु वर्ग के लोगों को एक पंडाल में मातारानी की आराधना के लिए मंच मिलती है। इस प्रकार के आयोजन से नगर में सौहार्द्र व आपसी भाईचारा का संदेश भी मिलता है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन अब पूरे नवरात्र भर चलेगा। माता की भक्ति प्रकट करने गरबा नृत्य एक बेहतर माध्यम है।

इस अवसर पर समूह की मंजू साहू, उमा साहू, रश्मि साहू, सुनीता साहू, उतरा साहू, सोनिया देवांगन, रामोती साहू, अंजू साहू, चंचल सिन्हा, श्यामा साहू, कमली साहू, लाली देवांगन, रानी दीवान, लीनू देवी, लीला साहू, रंजीता यादव, रेखा श्रीवास्तव, सरिता साहू, सुरेखा, निर्मला यादव, वर्षा मांगटेरे, नीलम चंद्राकर, गंगा दीवान, सुलोचना पटेल, विनीता सिन्हा, द्रौपती साहू आदि मौजूद रहे।



### जगत जननी का आशीर्वाद लेने गांवों में पहुंचे तुषार

**महासमुंद।** नवरात्र पर मां चंद्रघंटा का आशीर्वाद लेने ग्राम खैरझिटी, तेंदूवाही, कुकरीडीह, मालीडीह, पिरदा, गुरुडीह, लहंगर, खरसा, सेनकपाट पहुंचे। पूजा अर्चना कर जगत जननी से समस्त क्षेत्रवासियों के सुख-सौभाग्य और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। साथ ही क्षेत्र के लोगों से भेंट कर कुशल क्षेम जाना। तुषार ने कहा कि शास्त्रों के अनुसार माना जाता है कि मां चंद्रघंटा व्यक्ति के जीवन से बाधाओं और नकारात्मकता को दूर करती है।



### तुमगांव में अनेक कार्यों के लिए भूमिपूजन

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के कुलदेवी मां शीतला मंदिर के गर्भगृह के जीर्णोद्धार तथा मंदिर परिसर में पेवर ब्लॉक तथा सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस मौके पर नपं अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, पार्षद धर्मेंद्र यादव, संतोष दुबे, अरविंद शर्मा, विकास मिश्रा, उदयराम साहू, खोरबाहरा साहू आदि उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ अशोक गिरि गोस्वामी ने कहा संघर्ष करने वाला संगठन की जान होता है, बूढ़ा नहीं वह सदाबहार जवान होता है पश्चात उन्होंने बताया कि 17 दिसंबर को पेंशनर्स डे मनाया जाता है। इस वर्ष प्रांत स्तर का पेंशनर्स डे बीजापुर बस्तर में मनाया जाएगा। जिसमें 45 लोगों ने शामिल होने की अपनी सहमति दिया है, उन्होंने बैठक के एजेंडा के बारे में बताते हुए कहा की इस माह में नए सदस्य के रूप में सदस्यता करने वाले सदास शालिग्राम चंद्राकर, दसरु राम डड़सेना, नोहर प्रसाद वर्मा, कुंती देवांगन, भूखन लाल ध्रुव राजकुमार साहू, हीरालाल साहू, रामलाल श्रीवास्तव का श्रीफल पुष्प हार एवं गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। वहीं 80 वर्ष आयु पूरी करने वाले हरक राम चंद्राकर का शाल, श्रीफल एवं पुष्पहार से सम्मान किया गया। इस दौरान वरिष्ठ सदस्य डा आर के परदल का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर उन्होंने डा आरके परदल ने अपने विचार एवं अनुभव व्यक्त करते हुए कहा कि हमें एक निधि तैयार करके रखना चाहिए जिसे बैंक में जमा कर सकते हैं तथा आपातकाल की स्थिति में किसी जरूरतमंद को सदस्य को सहयोग प्रदान किया जा सके। संघ के सदस्य



संरक्षक रूपेश प्रसाद तिवारी ने क्रांति सम्मेलन में बीजापुर जाने एवं वर्ष 2025 में महासमुंद में क्रांति सम्मेलन आयोजन के संबंध में सदस्यों द्वारा सहमति देने पर धन्यवाद ज्ञापित किया एवं सदस्यों को संगठन के बारे में जानकारी दिया। के चंद्राकर संरक्षक द्वारा क्रांति सम्मेलन महासमुंद में आयोजित करने के विषय में अपने अनुभव एवं व्यवस्था की बारे में सुझाव दिया। संघ के सभी सदस्यों को बैठक में नियमित उपस्थित रहने की अपील भी किया गया तथा सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर केआर चंद्राकर संरक्षक, डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी जिला अध्यक्ष, रूपेश तिवारी संरक्षक, बीआर देवांगन, सचिन मनाराखन ध्रूव कोषाध्यक्ष, बीआर ध्रुव कार्यालयीन सचिव, एसएस दीवान, छबिराम दीवान, डी. सॉरी, शेष नारायण चंद्राकर, राम सिंह साहू, सनत यादव, गेंदलाल साहू, आरके कश्यप, मन्नू लाल साहू, सुरेंद्र सिंह ध्रुव, राजेंद्र वैष्णव, सतीश पांडे, गोपाल सिंह ध्रुव, रामलाल साहू, वसंत चंद्राकर, शोभाराम, हीरालाल साहू, बौद्ध राम पटेल, भारत राम चंद्राकर, बंशी चंद्राकर, बौध राम साहू, बीएस नेताम, रघुनाथ सिंह, डॉ आर के परदल, पीसी पुरोहित, सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। उक्त जानकारी कार्यालयीन सचिव बीआर ध्रुव ने दिया।

# नवरात्र पर्व पर देवी मंदिरों के अलावा दुर्गा पंडालों में जले आस्था के ज्योत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

ग्रामीण क्षेत्र में शारदीय क्वांर नवरात्रि पर्व पर चौक चौराहे में माता की प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धालु भक्ति के शक्ति में लीन है। गुरुवार से शुरू हुआ। नवरात्र दोपहर शाम रात तक घट स्थापना के साथ ज्योत प्रज्ज्वलित मां की प्रतिमा विराजित कर सुबह शाम भक्ति भाव से पूजा की जा रही है। ब्लॉक मुख्यालय से सीमावर्ती क्षेत्र के ग्राम नर्रा, बिंद्रावन, उखरा, अमेरा, लामीसरार आदि गांवों में अनेक जगह दुर्गा प्रतिमा विराजित है। गांव के गली मोहल्ले को तोरन पताका, झालर लाइट से सजाया गया है। वहीं क्षेत्र में श्रद्धालुगणों ने माता आदि शक्ति मां दुर्गा की आराधना भक्तिभाव से सराबोर हो गया है।



# शासकीय पॉलिटेक्निक में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का हुआ सफल कार्यक्रम

**महासमुंद।** शासकीय पॉलिटेक्निक में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित इंडक्शन प्रोग्राम का समापन दो दिवसीय इंटर ब्रांच स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के साथ हुआ। इस आयोजन ने न केवल छात्रों को खेलों में भाग लेने का अवसर प्रदान किया, बल्कि उनके सर्वांगीण विकास को भी प्रोत्साहित किया। प्राचार्य चंद्रिका विश्वकर्मा के मार्गदर्शन और खेल अधिकारी आनंद साहू के निर्देशन में आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्पोर्ट्स कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी छात्रों को एकजुट करना और खेल के माध्यम से उनके बीच टीम भावना और अनुशासन को बढ़ावा देना था। पहले दिन, शतरंज, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, कैरम, वॉलीबॉल, रिले रेस और रस्साकस्सी जैसे इंडोर खेलों में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं दूसरे दिन आउटडोर खेलों में खो खो, क्रिकेट, फुटबॉल, भालाफेंक, गोला फेंक, तवा फेक, 100, 200, 400, 800 मीटर रेस और कबड्डी जैसे रोमांचक खेल आयोजित किए गए, जिनमें छात्रों ने पूरे जोश और जुनून के साथ भाग लिया। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा संचालनालय के अतिरिक्त संचालक डॉ. एसके सिंघई ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से छात्रों में शारीरिक और मानसिक संतुलन विकसित होता है, जो उनके सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। खेल सिर्फ शारीरिक गतिविधि नहीं हैं, यह छात्रों में नेतृत्व, टीम वर्क और संघर्ष क्षमता का विकास भी करते हैं। डॉ. पीके पांडेय प्राचार्य शासकीय पॉलिटेक्निक दुर्ग और डॉ. सीमा चौहान प्रोफेसर शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बिलासपुर ने भी छात्रों को प्रोत्साहित किया और खेलों के महत्व पर अपने विचार साझा किए। इस कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इसमें सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए।



# देव दशहरा धूमधाम से मनाया गया



**नगरी।** अंचल के प्रथम आराध्य, प्रथम पूज्य ठाकुरदेव की विधिविधान से पूजन अर्चना की गई। अंचल प्रमुख भूमकाल दल, पूज्य ठाकुरदेव समिति सिहावा, जगतजन्नी मां शीतला समिति सिहावा क्षेत्र एवं सिहावा अंचल के प्रबुद्ध नागरिकों की उपस्थिति में देव दशहरा शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। मल्हारी में नवरात्रि की द्वितीय तिथि शुक्रवार या बुधवार को हर साल दशहरा पर्व मनाया जाता है। यहां देवी मां की ज्योति स्थापना एवं दुर्गा स्थापना निषेध है। पुजारी विजय कौशल ने बताया कि ठाकुरजी अंचल के देव हैं। अंचल में उनका आशीष सदैव व्याप्त है।

### न्योता भोजन पाकर छात्रों के चेहरे खिले

**भखारा।** छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों के बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट खाना देने के साथ भोजन में उनकी रुचि बढ़ाने के लिए न्योता भोजन शुरू किया गया है। कोई भी अपनी स्वेच्छा से स्कूलों में भोजन का आयोजन कर सकता है। इसी के तहत भखारा के नागरिक अभिषेक राव ने कन्या शाला भखारा मे छात्राओं को फल एवं मिष्ठान वितरित किया। इस अवसर पर शिक्षिका उषा साहू, श्री खान समेत स्कूल स्टाफ उपस्थित थे।

### वृद्धजनों का सम्मान

**धमतरी।** जिला साहू संघ के पदाधिकारियों ने अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धाश्रम रुद्री में वृद्धजनों की पूजा-आरती कर फल, साड़ी, शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया।


NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*



₹ 55,000
₹ 95,000
₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661


Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)




राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


## या देवी सर्वभूतेषु विष्णुमायेति शब्दिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।


नेहरू चौक रामसागरपारा, सम्हर



मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना साहू पारा खरोरा



कुम्हार पारा दुर्गोत्सव समिति, बड़गांव


निषाद पारा दुर्गोत्सव समिति, बड़गांव


तिरंगा चौक, कांपा


बाजार चौक, बरबसपुर


अछरीडीह नयापारा दुर्गोत्सव समिति, बिरकोनी


बाजार चौक दुर्गोत्सव समिति, बड़गांव


भाठापारा दुर्गोत्सव समिति, कांपा


मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना बस्ती पारा, खरोरा



बाजार चौक, कांपा


अछरीडीह नयापारा दुर्गोत्सव समिति


बाजार चौक, बड़गांव


बाजार चौक, बिरकोनी


नर्रा। पंडरीपानी के पर्रापाठ पहाड़ी में प्रतिमाएं स्थापित ।

### खबर संक्षेप



## ब्लेलॉक में एक दिवसीय गरबा का आयोजन

**महासमुंद।** शहर के ब्लेलॉक शाला प्रांगण में 05 अक्टूबर एक दिवसीय गरबा का आयोजन किया गया। गरबा का प्रारंभ कलश स्थापित कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। बच्चों व शिक्षकों द्वारा विभिन्न गीतों में मनमोहक नृत्य किया गया। शाला प्रांगण में गरबा के आयोजन से वातावरण अत्यंत संगीतमय हो गया था। सभी शिक्षक और बच्चों द्वारा किया गया गरबा नृत्य मनो को लुभाने वाला था। बच्चों को एक दिन पूर्व विभिन्न गरबा संगीत में गरबा नृत्य सिखाया गया था। जिसमें ज्योतिका राजपूत, रचना दीवान, सुभाषिनी सोनी, खुशबू साहू, हिमेंद्र दीवान व अजय नायक का योगदान सराहनीय रहा। प्राचार्या कुमुद ठाकुर द्वारा शिक्षकों को आभार व्यक्त किया गया।



## कबड्डी प्रतियोगिता में सिंघनपुर अव्वल, द्वितीय जमशेदपुर टीम रही

**नर्रा।** ग्राम कुसमी में जय तरियावाली एवं ग्रामवासी के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय अंतरराज्यीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कुल 40 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आनंद लेने क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। प्रतियोगिता के समापन के मुख्य अतिथि डॉ.चमन निषाद, ताराचंद पटेल, अजय देवांगन, मिलाप पटेल एवं योगराज प्लंबर ठेकेदार शामिल हुए। इस दौरान अतिथियों ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि कबड्डी या किसी भी खेल में खिलाड़ियों को हमेशा खेल के भावना से खेलना चाहिए। और हार जीत लगा रहता है।

### सम्मान निधि : कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# जिले के 1.23 लाख किसानों के बैंक खाते में आए 26.98 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 अक्टूबर को महाराष्ट्र के वाशिम जिले के वायगांव से किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी की। जिसके तहत देशभर के 9.4 करोड़ किसानों के बैंक खातों में कुल 20,000 करोड़ रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिवाली से पहले किसानों को 18वीं किस्त की सौगात दी है। वही महासमुंद जिले के किसानों को भी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि राशि का लाभ मिला। जिले के एक लाख 23 हजार 397 किसानों के खाते में 26 करोड़ 98 लाख रुपए डीबीटी के माध्यम से पहुंचा।

इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एवं पीएम किसान सम्मान कार्यक्रम कृषि विकास किसान कल्याण एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग, महासमुंद एवं कृषि विज्ञान केंद्र, भलेसर महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में कृषि विज्ञान केंद्र भलेसर महासमुंद में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 18वीं किस्त के ऑनलाइन अंतरण कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, उप संचालक कृषि एफआर कश्यप, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक एसके वर्मा,



अधिष्ठाता डा.अनुराग तोमर, कृषि विश्व विद्यालय महासमुंद सहित आसपास ग्राम के महिला एवं पुरूष कृषकगण बड़ी संख्या में वर्चुअली शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सिन्हा ने सभी किसानों को बधाई देते हुए कहा कि आज देश के किसान खुशहाल है और आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का यह योजना किसानों के आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। कार्यक्रम में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सभी पात्र किसानों से कहा कि अपने-अपने बैंक खाते चेक कर ले, किसी तकनीकी कारण से राशि नहीं आई तो बैंक या कृषि विभाग के अधिकारी से संपर्क कर सकते है।कार्यक्रम में विधायक सिन्हा ने कृषि अधिकारी से विभाग अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाएं जिससे किसान लाभान्वित हो रहे है उसके बारे में जानकारी ली। साथ ही उन्हें महासमुंद विकासखंड के सभी किसानों के टेलीफोन नंबर अपडेट कराने की बात कही। जिले के सभी विकासखंडों में भी पीएम किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उल्लेखनीय है कि पीएम किसान सम्मान निधि के तहत समस्त कृषक परिवार को प्रत्येक चार माह में 2000 एवं वर्ष में 6000 रुपए सीधे किसान के खाते में हस्तांतरण किया जाता है।

## चित्रकला में भूमिका व अनुच्छेद पठन में शेख प्रथम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

ग्राम नर्रा के शासकीय बालक व कन्या प्राथमिक शाला में बैगलेस डे के अवसर पर चित्रकला व अनुच्छेद पठन प्रतियोगिता आयोजित की गई। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा पांचवीं की भूमिका निषाद प्रथम स्थान पर रही। कहते हैं दिव्यांगजनों को ईश्वर विशेष प्रतिभा देते हैं।

ज्ञात हो कि भूमिका मूकबधिर दिव्यांग है। पोमेंश्वरी बेलदार, ज्योति निषाद कक्षा पांचवीं ने द्वितीय व हेमकुमारी कक्षा चौथी ने तृतीय स्थान प्राप्त की। इसी प्रकार कक्षा तृतीय के लिए अनुच्छेद पठन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें धारा प्रवाह पढ़ने पर प्रथम स्थान शेख अमान, कनीशा यादव व ताहिरा बानो द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही। सभी विजेताओं को श्रवण कुमार ठाकुर प्रधान पाठक, नोमेंश कुमार यदु शिक्षक, मनीष कुमार यादव सहायक शिक्षक के हाथों लेखन सामग्री से बच्चों को सम्मानित किया गया।

इसी कड़ी में विद्यालय के पूर्व छात्र अमृत लाल पटेल फौजी आंध्रप्रदेश में पदस्थ है वे ग्राम नर्रा का निवासी है जो कि छात्र-छात्राओं को पुलिस एवं सेना के कार्यों का विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए नियमित दिनचर्या, नियमित योग व्यायाम करने एवं मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किए। कार्यक्रम का संचालन डिगम लाल साहू प्रधान पाठक ने किया।

### निधन

## जसनीत कौर चावला



**महासमुंद।** स्थानीय स्टेशन रोड निवासी जसनीत कौर चावला का शनिवार को निधन हो गया। अंतिम स्थानीय मुक्तिधाम संस्कार में किया गया। वे मधुलिका लाज संचालक सरदार उजागर सिंघ चावला की पुत्रवधु, सरदार गुरविंदर सिंघ प्रिंस, चावला की पत्नी व रबजोत सिंघ, हरजस सिंघ की मां थीं।




## वृंदावन में पालक-शिक्षक बैठक में बच्चों के सर्वागीण विकास की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय वृंदावन विद्यालय में शनिवार को अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन कर कक्षा नर्सरी से कक्षा दसवीं के विद्यार्थीयों का त्रिमासिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। बैठक का उद्देश्य यूनिट - 1, एलए 01 व त्रिमाही परिक्षा परिणाम की घोषणा के साथ बच्चों के सर्वागीण विकास पर चर्चा था। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उपप्रचार्या इंदु मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षिका आशा ज्योति डोरा, अमृता चंद्राकर, उर्मिला अग्निहोत्री, एम. रजनी व विद्यालय प्रांगण में उपस्थित पालकगण द्वार मां सरस्वती के छाया चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। सरस्वती वंदना रेखा साहू द्वारा प्रस्तुत किया गया। समस्त अभिभावकगण का स्वागत सम्मान तिलक लगाकर किया गया।

बैठक पर अपना विचार प्रकट करते हुए संस्था प्रमुख विश्वनाथन ने बच्चों के सर्वागीण विकास के लिए बच्चों को दिशा-निर्देश दिए व बच्चों को मोबाइल फोन व गाड़ी से दूरी बनाए रखने व अनुशासित जीवन शैली अपनाने के लिए अभिभावकों से सहयोग की अपील की। सुजाता विश्वनाथन ने बच्चों के अभिभावकों को जागरूक रहकर बच्चों के प्रत्येक गतिविधियों पर नजर रखकर बच्चों को उत्कृष्ट प्रदर्शनके लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय विरासत प्रतियोगिता में प्रथम समीर साहू व नमन साहू रहे। इसी प्रतियोगिता में चौथा भीगेश्वरी साहू व कुमुद पटेल रहे। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रियांशी चंद्राकर व वैशाली साहू प्रथम रहे। उपप्रचार्या इंदु मिश्रा द्वारा अभिभावकों व शिक्षक-शिक्षिकाओं को बच्चों के भविष्य का रचनाकार



बताया। सभी कक्षा शिक्षिकाओं द्वारा अपने कक्षा विशेष के विद्यार्थियों के परिक्षा परिणाम से अभिभावकों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम का संचालन रेखा साहू ने किया।

त्रैमासिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों कक्षा पहली में प्रथम साकेत निषाद, द्वितीय भूमिका कनवर, खुशी नागर्ची, ललिमा दिवान, तृतीय स्थान युग चंद्राकर, कक्षा दूसरी में प्रथम नुपुर साहू, साक्षी साहू, द्वितीय लक्षिता कन्नौजे, तृतीय टामेंद्र निषाद, यथार्थ साहू, कक्षा तीसरी में प्रथम अनुभूति साहू, संध्या विश्वकर्मा द्वितीय नव्या चंद्राकर, लोकश यादव, तृतीय अनिकेत जलक्षत्री, कक्षा चौथी में प्रथम स्थान पूजा देवांगन, द्वितीय रूद्ध पवन पकवासा, तृतीय कबीर दास मानिकपुरी, कक्षा पांचवीं में प्रथम स्थान अंजलि चंद्राकर, द्वितीय काव्या धीवर, तृतीय निशु साहू, कक्षा 06वीं में प्रथम स्थान नारायण स्वैन, द्वितीय वीर सिंग, तृतीय अनुश्री अग्रवाल, कक्षा 07वीं में प्रथम स्थान भिगेश्वरी साहू, द्वितीय कुमुद पटेल, तृतीय समृद्धि चंद्राकर, कक्षा आठवीं में प्रथम स्थान प्रियांका साहू, द्वितीय पूर्वाश कुमार निषाद, तृतीय मान्यता साहू, कक्षा नवमीं में प्रथम स्थान नमन साहू, द्वितीय पूर्वा चंद्राकर, तृतीय अमन यादव कक्षा 10वीं में प्रथम स्थान समीर साहू, द्वितीय स्वेच्छा वर्मा, तृतीय तनिया चौधरी ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में आशा ज्योति डोरा, उर्मिला अग्निहोत्री, अमृता चंद्राकर, रेखा साहू, जागृति साहू, संध्या सोना, दामिनी वैष्णव, सुशमा साहू, चंदना सोनी, नीरू मांझी, सुमन साहू, यशवंत धृतलहरे, वर्षा चंद्राकर, साधना राठौर, एम रजनी, भूमिका वर्मा, मनीषा बावनकर, शुभ्रा अग्रवाल, सविता ढीढी, नदिनी साहू, अंशु यादव, हीरा साहू, मोनिका साहू, स्वाति ठाकुर, प्रवीण साहू एवं लक्ष्मीनारायण साहू का योगदान रहा।

